# हाथ की मेहंदी सूखी नहीं जुदा हुए जीवन साथी

## बस की टक्कर से दो सगे भाइयों की मौत, 18 दिन पहले ही सगी बहनों से हुई थी शादी





नवभारत न्यूज

**सतना, 30 मई. जिले के कोलगवां थाना क्षेत्र के उतैली मोड़ सतना-मैहर बाईपास पर शनिवार सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार निजी बस ने मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।**

इस भीषण दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो सगे भाइयों विवेक यादव (25 वर्ष) और विनय यादव (24 वर्ष), निवासी चकदही की दर्दनाक मौत हो गई। विवेक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि विनय ने रीवा अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। दोनों मृतक भाइयों की शादी महज 18 दिन पहले, बीते 12 मई को उचेहरा क्षेत्र की दो सगी बहनों से एक साथ धूमधाम से हुई थी। घर में अभी नई नवेली दुल्हनों के आगमन की खुशियां मनाई ही जा रही थीं कि नियति के इस क्रूर प्रहार ने दोनों बहनों का सुहाग एक साथ उजाड़ दिया। घटना के बाद से दोनों परिवारों और ससुराल पक्ष में कोहराम मचा हुआ है।


पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सतना-रीवा मुख्य मार्ग पर शव रखकर करीब 45 मिनट तक चक्काजाम किया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप हो गया। इस दौरान भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवियों ने फंसी हुई बसों पर पथराव कर तोड़फोड़ भी की। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उपद्रवियों को खदेड़ा और कुछ को हिरासत में लिया।

### प्रशासन ने की 25 हजार की तत्कालिक मदद

हंगामे की सूचना पर पहुंचे एसडीएम सिटी राहुल सिलाडिया और सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह ने परिजनों को समझाया। प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाते हुए तत्काल राहत के रूप में रेडक्रॉस सोसायटी से अंतिम संस्कार के लिए 25-25 हजार रुपए की नकद सहायता दी। साथ ही संबल योजना के तहत दोनों परिवारों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिलाने का पुख्ता आश्वासन दिया, जिसके बाद जाम समाप्त हुआ। पुलिस ने आरोपी बस को जब्त कर फरार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश जारी है।

# बूढ़ा बैल बेसाहे, झीना कपड़ा लेय आपन करै नसौनी, ईशै दूषन देय

इया नीकय आ कहा गा हय कि मनई अपन करनी कै खोट कबहू नाही निकारय सब दिन दूसरे का दोख दई कै वोसे बचय कै गइल ढूढत हय. एहि से इया कहनुत बनी हय कि बूढा बैल बेसाहे, झीना कपडा लेय।आपन करै नसौनी, ईशै दूषन देय।।




अब एहि मेर का जमाना आयगा हय मनई अपन करनी देखय कय जग्घा आन का कइसन करत हय एहि मा बितूता रहत हय. जबकि सब दिनन हमी अपन करनी का खुदय भोगय का परत हय. इया बात घर कै भीतर अउर बहिरे दोनों जग्घा लागू होती ही.अब चाहे दिन रात सुरसा कस मुँह बाए बढ रही मंहगाई कै बात हो इया मंहग होत जात पढाई-लिखाई, दवा-दारू कै बतकहाव हो इनखे सब कै खितिर हमी पाच्य जिम्मेबार हयन. ऐसे की अपन पुरखा लँगोटी लगय एक जून खाय कै हमी पाच्य का कइसन पालिन हय इया हम पाच्य अपनी सुध मा कबहू लइन नाही आई. आज कै चमक-धमक मा अइसन भुलाय गयन हय कि अब हमरो पचन कै शान-शौकत जगीरदार, पावइदार से कम नाही आय.वोहि मेर का पहिनना-ओढना,खान-पियन ,रहन-सहन होय चाही.चाहे खलिसा मा झँझी ना होय.सब कोउ एक-दूसरे कै देखाबा मा अइसन हैरान हय की वोहि इया पतय नाही लगय ओखे तरबा के तरे से भुइ खरकत जाय रही हय. हम पहिलेव कहि उचे हयन की साधन का साध ना बनाई इया बेचय खरीदय का जुग आय.इया मा मेहरिया-लड़का तक बिकय लाग हय ता बाकी का बतकहाव का किन जाय. एहि से चेतमय कै खितिर कबीरदासजी कहिगे हय वोतय पॉव पसारिये जेते लम्बी सौढ.अब तां लोग तब तक गोड पसारत जात हय जब तक सौढ फाट कै धुजी-धुजी नाही होइ जाय. फेर बाद मा हाथ मले से का मिलय का हय. जमान-जहान अइसन जान देत हय की कोउ सोच नाही पाबय.अपने पाछे बाप-महतारी,लड़का-बच्चन का कलपत छोड़ जात हेय. जे यहो तक नाही जानय की ओखे साथ का कइसन भा. सोची अउर पुरखन कै बीच-बीच मा सुध करि.नाही ता कुछु ना बाची.

# सोन नदी पुल पर कैप्सूल ट्रक पलटा

## चुरहट से सीधी का मार्ग अवरुद्ध, यातायात बाधित





नवभारत न्यूज

**सीधी,30 मई. जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में चुरहट से पहले स्थित सोन नदी पुल पर शुक्रवार दोपहर लगभग 3.30 बजे सीधी की ओर जा रहा सीमेंट से लदा कैप्सूल ट्रक क्रमांक एमपी 19 जेडएल 6401 चालक के नियंत्रण खो देने के कारण अनियंत्रित होकर पुल पर पलट गया।**

हादसे के बाद पुल पर यातायात प्रभावित हो गया और मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक पलटने से पहले लगभग 10 मीटर तक पुल की रेलिंग से टकराते हुए घिसटता रहा। चालक द्वारा ब्रेक लगाए जाने के बाद वाहन सड़क के बीचों-बीच फंस गया। दुर्घटना इतनी गंभीर थी कि ट्रक का पिछला हिस्सा पुल के एक ओर हवा में झूलता हुआ दिखाई दिया, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका भी बनी रही। घटना की सूचना मिलते ही चुरहट थाना प्रभारी एवं मोहनिया चौकी प्रभारी अपनी डायल-112 टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और राहत दल ने तत्काल बचाव कार्य शुरू करते हुए घायल चालक और खलासी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही चुरहट तहसीलदार साक्षी गौतम, पटवारी विनोद तथा राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रशासन द्वारा ट्रक मालिक को दुर्घटना की सूचना दी गई। हादसे के बाद पुल पर भारी भीड़ जमा हो गई, वहीं यातायात का दबाव बढ़ने से आवागमन प्रभावित रहा। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए यातायात को नियंत्रित करने का प्रयास किया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार जेसीबी मशीन की सहायता से पलटे हुए ट्रक को हटाने की कार्रवाई की जा रही है, जिसके बाद मार्ग को पूरी तरह सुचारु किया जाएगा। पुलिस बल देर शाम तक मौके पर तैनात रहा और स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# श्रद्धांजलि सभा में याद की जाएंगी मुकेश नायक की माताजी

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 30 मई. मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक की पूज्य माताजी कांतिदेवी नायक की स्मृति में 1 जून को भोपाल में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी।**

कांतिदेवी नायक का 20 मई 2026 को निधन हो गया था ।दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करने तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए आयोजित इस सभा में परिवारजन, राजनीतिक सहयोगी, शुभचिंतक एवं समाज के विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होकर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। आयोजकों के अनुसार श्रद्धांजलि सभा सोमवार, 1 जून को सायं 5 बजे से 6 बजे तक शिवाजी नगर (5 नंबर) स्थित सिंधू भवन में आयोजित होगी। इस अवसर पर उपस्थितजन स्वर्गीय कांतिदेवी नायक के जीवन और उनके योगदान को स्मरण करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करेंगे।



# जीजा ने साले पर किया कुल्हाड़ी से हमला, बीच बचाव करने पहुंचा था भाई

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मई, रीवा शहर में पति-पत्नी के बीच हुये विवाद में जीजा ने अपने ही साले पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया.**

घटना शहर के बिछिया थाना क्षेत्र बदरांव स्थित कहारन टोला की है, जहां आज सुबह एक दूसरे से अलग रहने वाले पति पत्नी के बीच हो रहे विवाद में बहन को बचाने पहुंचे भाई पर जीजा नें कुल्हाड़ी से हमला कर दिया. फिलहाल हमले में युवक के सिर और पेट में गंभीर चोटे आई है, जिसे उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है. घटना के संबंध में घायल आशीस सोंधिया की बहन काजल सोंधिया नें जानकारी देते हुये बताया कि उसका विवाह साल 2017 में राम सरोज सोंधिया के साथ हुआ था. लेकिन पति की प्रताडना से तंग आकर वह पति से अलग रहने लगी फिर भी पति उसका पीछा नहीं छोड रहा था. पीडिता के मुताबिक आज सुबह पति नें उसे मिलने बुलाया और जब वह अपने भाई के साथ पहुंची तो उसने मारपीट शुरु कर दी. पीडिता के मुताबिक जब पति उसके साथ मारपीट कर रहा था तभी वहां मौजूद भाई नें बीच बचाव किया, जिस दौरान पति नें उसके भाई पर ही कुल्हाडी से हमलाकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया.

पीडिता का आरोप है कि उसने बिछिया थाने में पति के खिलाफ पूर्व में ही शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन पुलिस नें कोई कार्यवाही नहीं की जिसका नतीजा है कि आज उसका भाई जिंदगी और मौत के बीच संघर्स कर रहा है.

फिलहाल घायल को उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल लाया गया है, जहा उसका इलाज चल रहा है.

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस आज


नवभारत न्यूज

**सतना 30 मई. आयुक्त सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, संचालनालय के निर्देशानुसार 31 मई 2026 को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जायेगा।**

सतना शहर में 31 मई 2026 को प्रात: 7 बजे दादा सुखेन्द्र सिंह स्टेडियम जवाहर नगर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस दौरान जिले में मद्यपान मादक पदार्थो, नशीली दवाईयां, शराब एवं विभिन्न प्रकार के नशे से होने वाले दुष्परिणामों से समाज, युवाओं को अवगत कराने, नशामुक्ति के लिए जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने शासकीय तथा अशासकीय संस्थाओं को 31 मई 2026 को विश्व तम्बाखू दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाने के निर्देश दिए है।

# केन्द्रीय जेल शव लेकर पहुंचे परिजन

## पिता और चाचा ने किए अंतिम दर्शन




नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मई, बेटी की मौत के बाद एम्बुलेंस से शव लेकर परिजन केन्द्रीय जेल रीवा पहुंचे. जहा मृतक के पिता और चाचा हत्या के एक मामले में बंद है.**

दरअसल बेटे की मौत के बाद पिता को अंतिम दर्शन कराने के लिये परिजन शव लेकर केन्द्रीय जेल पहुंचे थे. लेकिन अनुमति न मिलने के कारण कई घंटे तक इंतजार करना पड़ा. बाद में प्रशासन की अनुमति मिलने के बाद अंतिम दर्शन भी हुए और बेटे के अंतेष्टि में पिता शामिल हुआ.

जानकारी के मुताबिक योगी रावत निवसी पुरवा परडिया 20 वर्ष जो कि अपने नाना के यहा सगरा नवागांव में रहता था. अचानक योगी रावत की मौत हो गई और उसके पिता शेर बहादुर रावत, चाचा विनोद रावत एवं राकेश रावत हत्या के मामले में 2021 से जेल में बंद है. मृतक बेटे का अंतिम दर्शन कराने के लिये परिजन एम्बुलेंस से शव लेकर केन्द्रीय जेल रीवा पहुंचे. जहा पर जेल प्रबंधन ने नियमों का हवाला देते हुए प्रक्रिया बताई. उसके बाद परिजनो ने जिला प्रशासन के यहा आवेदन किया. अनुमति मिलने के बाद पिता और चाचा ने मृतक के अंतिम दर्शन किये. इसके साथ ही अंतिम संस्कार में शामिल होने पिता पहुंचे और उसके बाद वापस जेल लाए गए. प्रक्रिया पूरी होने में कई घंटे लग गये, इस बीच परिजन परेशान हुए लेकिन एक लाचार पिता अपने बेटे का अंतिम दर्शन कर सका. केन्द्रीय जेल के अधीक्षक सतीष उपाध्याय ने बताया कि शव लेकर परिजन पहुंचे थे. जब उन्हे नियमों की जानकारी दी गई और प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम दर्शन कराया गया. साथ ही पिता को अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिये भेजा गया और उसके बाद वापस जेल लौट आए.

# दुर्घटनाग्रस्त वाहन हटाने में लापरवाही, घंटों जाम में फंसे कई वाहन




नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 मई। बैढ़न-बरगवां मुख्य मार्ग पर बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम गड़ेरिया में पहाड़ी पर गत दिवस हाईवा व बलकर की सीधी भिड़ंत के बाद दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हालत में मुख्य मार्ग के बीचों बीच पड़े है।**

जिस वजह से आमजनों के वाहनो के साथ यात्री बसों व ऑटो से यात्रा करने वाले यात्रियों को अपने गनतव्य तक पहुंचने भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया गया की उक्त दुर्घटना स्थल पर दो-दो घंटे तक सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लम्बी कतार लग जा रही है। जिसे हटवाने के लिए पुलिस या यातायात विभाग से कोई भी जिम्मेदार उपस्थित नहीं है। लिहाजा क्षेत्र के इस प्रमुख व्यस्त मार्ग में पिछले 24 घंटे से दोनों वाहन मार्ग में बीचों बीच पड़े हैं, जिसे ना ही वाहन मालिकों ने वहां से हटवाया और ना ही पुलिस ने ही इस बावत कोई पहल किया है। नतीजन इस मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि बैढ़न-बरगवां मुख्य मार्ग पर ग्राम गड़ेरिया में पहाड़ी पर आवासीय बालक छात्रावास के ठीक सामने शुक्रवार के देर शाम परसौना से बरगवां और बरगवां से परसौना की तरफ आ-जा रहे हाइवा व बलकर की आमने सामने की सीधी टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये। हालांकि उक्त दुर्घटना में सबसे अधिक नुकसान बलकर का है, जिसका इंजन बॉडी से अलग हो मार्ग के बीच में आ गया है, जबकि दोनों गाड़िया भी खराब हालत में मार्ग पर पड़ी है। पुलिस द्वारा क्षतिग्रस्त वाहनो को मुख्य मार्ग पर से नहीं हटवाने की वजह से इस मार्ग से आवागमन करने वाले वाहनों के साथ यात्री बस व ऑटो यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, सबसे अधिक परेशानी उन यात्रियों को है जो बरगवां में ट्रेन पकड़ने के लिए जा रहे है।

# आपस में भिड़ी बाइक, दो युवक गंभीर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 30 मई, मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत सेनुआ गांव के पास शनिवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया.**

नईगढ़ी-देवतालाब मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक आवारा गोवंश से टकराकर अनियंत्रित हो गई और विपरीत दिशा से आ रही दूसरी बाइक से जा भिड़ी. हादसे में दूसरी बाइक पर सवार चालक सहित दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई. आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल मदद करते हुए 108 इमरजेंसी एंबुलेंस को सूचना दी. मौके पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए संजय गांधी अस्पताल रीवा रेफर कर दिया गया. जानकारी के अनुसार घायल युवकों की पहचान हुसैन खान पिता मोहिउद्दीन उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम कुम्हाई जिला पन्ना तथा संदीप बंसल पिता फुंदर बंसल उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कल्दा जिला पन्ना के रूप में हुई है. बताया गया है कि दोनों युवक देवतालाब स्थित सीएम राइज स्कूल में मजदूरी का कार्य करते हैं और नईगढ़ी अस्पताल दवा कराने जा रहे थे. इसी दौरान सेनुआ गांव के समीप उनकी बाइक आवारा गोवंश से टकरा गई, जिससे हादसा हो गया. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए.

# कफ सिरप की सप्लायर महिला गिरफ्तार



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 30 मई। गढ़वा पुलिस ने एक कप सिरप सप्लायर महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी महिला को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार करीब दो महीने से जाल बिछाए हुई थी।**

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सियाज केएम ने मीडिया कर्मियों को बताया कि पिछले माह 3 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर ग्राम क्योटली सोन नदी घाट में आरोपी फत्तेलाल बैस पिता कामता प्रसाद बैस उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम घोघरा के कब्जे से 8 नग कोडीन फास्फेट युक्त कप सिरप अवैध रूप से बिक्री के लिए ले जाते समय पकड़ा गया था। जहां आरोपी ने बताया था कि नशीली कप सिरप रसियन गुप्ता निवासी भरहरी जिला सोनभद्र से खरीदकर बिक्री करने के लिए ले जा रहे थे। जिससे मामले में आरोपिया रसियन गुप्ता को भी आरोपी बनाया गया ।उक्त मामले में धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी फत्तेलाल बैस को गिरफ्तार किया जाकर न्यायालय पेश किया गया था, जो वर्तमान में न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल पचौर में निरूद्ध है।



# किराना दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीधी, 30 मई थाना कुसमी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए किराना दुकान से भारी मात्रा में अवैध शराब जप्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया।**

पुलिस के अनुसार दिनांक 29 मई 2026 को थाना कुसमी पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम टमसार निवासी एक व्यक्ति अपनी किराना दुकान में भारी मात्रा में अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना प्राप्त होते ही थाना कुसमी पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर ग्राम टमसार पहुंचकर संबंधित किराना दुकान पर दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा दुकान की तलाशी लेने पर वहां से 10 खाकी रंग के कार्टूनों में रखी देशी एवं अंग्रेजी अवैध शराब बरामद की गई। जप्त शराब की कुल मात्रा 79.94 लीटर तथा अनुमानित कीमत 61,297 रूपये पाई गई। मौके से आरोपी कैलाश जायसवाल पिता हरप्रसाद जायसवाल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम टमसार, थाना कुसमी, जिला सीधी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत विधिवत प्रकरण दर्ज किया गया।

### सूचना मिलते ही सक्रिय हुई पुलिस

घटना की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई तथा आगे की वैधानिक कार्यवाही थाना कुसमी द्वारा की जा रही है। उक्त कार्यवाही में सउनि प्रदीप सिंह, प्रधान आरक्षक कमलेश प्रजापति, आरक्षक शिवराम वैस एवं आरक्षक शुभम सिंह की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

# हिंदी पत्रकारिता ने लोकतंत्र को मजबूत करने में निभाई अहम भूमिका : अनुराग



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली, 30 मई। विश्व हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर हिंडाल्को इंडस्ट्रीज एवं महान एल्यूमिनियम बरगवां के संयुक्त तत्वावधान में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में जिले के प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया और वेब मीडिया से जुड़े बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि संपादक अनुराग उपाध्याय रहे। अपने संबोधन में अनुराग उपाध्याय ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया और वेब मीडिया आधुनिक सूचना तंत्र के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। इन माध्यमों ने समाचारों के प्रसार को तेज, व्यापक और प्रभावशाली बनाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जहां सूचना का दायरा बढ़ा है, वहीं मीडिया के सामने निष्पक्षता, विश्वसनीयता और टीआरपी की प्रतिस्पर्धा जैसी चुनौतियां भी मौजूद हैं। इसके बावजूद पत्रकारिता लोकतंत्र को मजबूत करने और समाज को जागरूक बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिंदी पत्रकारिता की शुरुआत 30 मई 1826 को आचार्य जुगल किशोर शुक्ल द्वारा कलकत्ता से प्रकाशित प्रथम हिंदी समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' से हुई थी। स्वतंत्रता आंदोलन, सामाजिक सुधार और राष्ट्रीय चेतना के प्रसार में हिंदी पत्रकारिता का योगदान अविस्मरणीय रहा है।

कार्यक्रम में हिंडाल्को यूनिट प्रमुख लिनू पंचमन ने कंपनी की उपलब्धियों, उत्पादन क्षमता और वैश्विक विस्तार की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि हिंडाल्को का व्यापार विश्व के 100 से अधिक देशों तक फैला हुआ है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि भारत के चंद्रयान मिशन में भी हिंडाल्को के एल्यूमिनियम का उपयोग किया गया था। इसके अलावा कार, स्कूटी, मोबाइल और अन्य कई उत्पादों में कंपनी का एल्यूमिनियम इस्तेमाल हो रहा है। मानव संसाधन प्रमुख एवं सीएसआर प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने कंपनी द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास और रोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों और कंपनी प्रबंधन के बीच संवाद सत्र भी आयोजित हुआ, जिसमें पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब यूनिट प्रमुख और सीएसआर टीम ने विस्तार से दिए।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99